क्रमांक–आर.डी.ए.-7-4-Gen. Corp./SBM(G)-1/2024 - 1578-1583
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,
सोलन, जिला सोलन (हि0प्र0)।

सेवा में,

समस्त पंचायत सचिव,
सोलन, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश।

दिनाँकः सोलन– 173212 24 अगस्त, 2024

विषयः– **जिला के की समस्त ग्राम पंचायतों को 30 सितम्बर, 2024 तक ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित करने बारे।**

महोदय,

उपरोक्त विषय पर जैसाकि आपको विदित है कि सरकार तथा ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों के सभी गांवों को 30 सितमबर, 2024 तक **ओडीएफ प्लस मॉडल** श्रेणी में लाया जाना है तथा उसके उपरान्त सभी गांवों का भौतिक सत्यापन (Physically verification) मुल्यांकन किया जाना है। इस संदर्भ में पूर्व में भी खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से दिशानिर्देश दिए गए हैं तथा आपको पुनः अवगत करवाया जाता है कि अपनी ग्राम पंचायतों के समस्त गांव को निर्धारित समय अवधि में **ओडीएफ प्लस मॉडल** श्रेणी में लाना सुनिश्चित करें। समस्त ग्राम पंचायतों में कम से कम एक पृथ्थकरण शैड (Segregation Shed) का निर्माण, कम से कम एक सार्वजनिक खाद का गढढा (Compost Pit) का निर्माण तथा प्रत्येक गांव में कम से कम 6 IEC संदेश लिखवाना सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त 15 वें वित्त आयोग से Tied Grant का मनरेगा से श्रम घटक (Labor Component) का उपयोग कर स्वच्छ भारत मिशन के साथ अभिसरण (Convergence) कर कम से कम एक पृथ्थकरण शैड तथा सार्वजनिक खाद का गढढा का निर्माण व कम से कम 6 IEC संदेश लेखन का कार्य निर्धारित तय सीमा के भीतर करना सुनिश्चित किया जाए। जिला की समस्त ग्राम पंचायतों के किसी भी गांव में कुड़े कचरे का ढेर न होना तथा दृश्य स्वच्छता (Visual Cleanliness) का होना भी अनिवार्य है। यदि किसी भी गांव में कोई कुड़े अथवा प्लास्टिक कचरे का ढ़ेर पड़ा है तो उसे विशेष सफाई अभियान के तहत तुरंत साफ करवाना सुनिश्चित किया जाए। यदि गांव में किसी व्यक्ति होटल अथवा दुकान या किसी के द्वारा भी कचरा फैलाया जा रहा है तो उसके विरूद्व पंचायती राज एक्ट के तहत जुर्मान लगा कर गांव में स्वच्छता को सुनिश्चित किया जाए।

Ajay

(अजय कुमार यादव), भा0प्र0से0
अति0 उपायुक्त एवं परियोजना निदेशक,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,
सोलन, जिला सोलन, हि0प्र0।
दिनांक 24/08/24

पृष्ठांकन संख्याः–1584-1589 उपरोक्त
प्रतिलिपी :–

समस्त खण्ड विकास अधिकारी, सोलन, जिला सोलन, हि0प्र0 को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित है।

Ajay

(अजय कुमार यादव), भा0प्र0से0
अति0 उपायुक्त एवं परियोजना निदेशक,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,
सोलन, जिला सोलन, हि0प्र0।